# बांधवगढ़ में बाघों पर वीआईपी दबाव: जंगल के नियमों की खुली अवहेलना

**विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रसूखदारों को खुश करने के लिए वन्यजीव कानूनों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वीआईपी फोटोग्राफी के लिए बाघों के विश्राम स्थलों में जिप्सियों की घुसपैठ और हाथियों के जरिए उन्हें जबरन मांद से बाहर निकालने के सनसनीखेज खुलासे ने प्रबंधन को कटघरे में खड़ा कर दिया है, जिससे बाघों के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है।**





शहडोल।

प्रदेश का गौरव और विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व इन दिनों बाघों के संरक्षण के बजाय रसूखदारों के मनोरंजन और दबंगई का केंद्र बनता जा रहा है। 'टाइगर स्टेट' के इस सबसे प्रतिष्ठित पार्क की साख पर उस वक्त गहरा बट्टा लगा, जब ताला और खितौली जैसे अति-संवेदनशील कोर क्षेत्रों में वन्यजीव कानूनों को ताक पर रखकर किए जा रहे कार्यों के विजुअल्स सामने आए। इन साक्ष्यों ने वन विभाग के उन दावों की पोल खोल दी है, जिनमें वन्यजीवों की सुरक्षा और शांति को सर्वोपरि बताया जाता है। आरोप है कि प्रबंधन के उच्चाधिकारियों की मूक सहमति और संरक्षण में बाघों के एकांत और उनके प्राकृतिक जीवन के साथ खतरनाक खिलवाड़ किया जा रहा है।सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा दी गई जानकारी रोंगटे खड़े करने वाली है। बताया जा रहा है कि वीआईपी पर्यटकों और रसूखदार फोटोग्राफरों को खुश करने के लिए जिप्सियों को बाघों के सुरक्षित विश्राम स्थलों, जैसे कि शांत घास के मैदान, प्राकृतिक गुफाएं और तालाबों के इतने करीब ले जाया जा रहा है कि बाघों का सामान्य जीवन पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया है। जंगल के भीतर जहां सन्नाटा और शुद्ध हवा होनी चाहिए, वहां अब शोर-शराबे और वाहनों के जहरीले धुएं ने 'जंगल के राजा' का दम घोंटना शुरू कर दिया है। स्थिति यह है कि बाघों को अपनी ही मांद में छिपने की जगह नहीं मिल रही है, जिससे उनके व्यवहार में भारी बदलाव देखा जा रहा है।इस पूरे प्रकरण का सबसे विचलित करने वाला पहलू 'एलीफैंट बैक सफारी' के नाम पर हाथियों का किया जा रहा दुरुपयोग है। जंगल के नियम कहते हैं कि हाथियों का उपयोग दुर्गम क्षेत्रों में गश्त करने और बाघों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए। लेकिन बांधवगढ़ में यह रक्षक ही बाघों के लिए भक्षक जैसी स्थिति पैदा कर रहे हैं। चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि जब बाघ घनी झाड़ियों या गुफाओं के भीतर आराम कर रहा होता है और वह पर्यटकों को दिखाई नहीं देता, तो हाथियों का सहारा लेकर उन्हें जबरन घेरा जाता है और डराकर बाहर धकेला जाता है। यह सब केवल इसलिए किया जाता है ताकि वीआईपी साहब अपने कैमरे से एक 'परफेक्ट शॉट' ले सकें और अपनी हसरत पूरी कर सकें। यह सीधे तौर पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की गाइडलाइंस का उल्लंघन है, जो स्पष्ट रूप से वन्यजीवों को किसी भी तरह से परेशान करने या उनके प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप करने की मनाही करती है।इस पूरे मामले में पार्क प्रबंधन की भूमिका सबसे अधिक सवालों के घेरे में है। मौके पर तैनात रेंजर, डिप्टी रेंजर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इन अमानवीय नजारों के मूक गवाह बनते हैं। नियमों की रखवाली करने वाले इन अधिकारियों की जुबान रसूखदारों के 'वीआईपी पास' और 'ऊपरी राजनीतिक दबाव' के आगे सिली हुई है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा जोरों पर है कि क्या 'नट-बोल्ट' और 'टोपी वाले गिरोह' के रसूख के आगे देश का कानून बौना हो गया है? क्या चंद प्रभावशाली लोगों के शौक की कीमत इन बेजुबान वन्यजीवों की जान देकर चुकाई जाएगी?पर्यावरणविदों और वन्यजीव विशेषज्ञों ने बांधवगढ़ में हाल के महीनों में हुई बाघों की लगातार मौतों को भी इसी तनाव से जोड़कर देखना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की अवैध घुसपैठ, लगातार वाहनों का दबाव और हाथियों द्वारा पीछा किए जाने से बाघों के भीतर गंभीर तनाव पैदा होता है। यह तनाव न केवल उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है, बल्कि उन्हें चिड़चिड़ा और हिंसक भी बनाता है, जो अक्सर उनके बीच होने वाले आपसी खूनी संघर्ष का बड़ा कारण बनता है। जब एक बाघ को अपने ही घर में शांति नहीं मिलती, तो वह असुरक्षित महसूस करता है, जिससे उसकी प्रजनन क्षमता और जीवन काल पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।अब जनता और संरक्षणवादी विभाग से सीधे सवाल पूछ रहे हैं कि कोर बाउंड्री के इतने करीब जिप्सियों को जाने की अनुमति आखिर किसके आदेश पर दी गई? क्या पर्यटन अधिकारी के निर्देश केवल आम पर्यटकों के लिए हैं और रसूखदारों के लिए फाइलों में कैद रहते हैं? हाथियों के जरिए बाघों को प्रताड़ित करने के इस कृत्य के लिए कौन जिम्मेदार है और उन पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?यदि समय रहते इन 'शहंशाहों' की दबंगई और प्रबंधन की इस लापरवाही पर लगाम नहीं कसी गई, तो वह दिन दूर नहीं जब बांधवगढ़ के बाघ केवल पर्यटन विज्ञापनों और इतिहास के पन्नों में ही दहाड़ते मिलेंगे। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एक उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच अब समय की अनिवार्य मांग बन गई है, ताकि इस अंतरराष्ट्रीय धरोहर को चंद स्वार्थी तत्वों के हाथों बर्बाद होने से बचाया जा सके।

# मेहनत ही सफलता की असली कुंजी, स्कूल नहीं संकल्प तय करता है भविष्य : कलेक्टर

**मेरिट विद्यार्थियों का सम्मान कर दो घंटे तक किया संवाद, आत्ममूल्यांकन और अनुशासन का दिया संदेश**





शहडोल।

जिले के कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों का सम्मान किया। समारोह में उन्होंने मेधावी छात्रों को फूलमाला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।सम्मान समारोह के बाद कलेक्टर विद्यार्थियों से लगभग डेढ़ से दो घंटे तक मुखातिब रहे। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के घंटे, परीक्षा की तैयारी, लक्ष्य और शिक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी बनकर समाज और देश की सेवा करें, यही अपेक्षा है।कलेक्टर ने कहा कि पहली कक्षा से बारहवीं तक की पढ़ाई जीवन की मजबूत नींव है। शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती, समय आने पर उसका सदुपयोग अवश्य होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे निरंतर प्रयास करते रहें और नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लें।इस अवसर पर कक्षा 10वीं के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले योगेंद्र सिंह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी, कुमारी अनामिका कुशवाहा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर, श्रेया साहू, आर्यिका नामदेव, नेहा सिंह, हर्षिल गुप्ता, अपेक्षा गुप्ता एवं आरायना गुप्ता को सम्मानित किया गया।इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुमारी दीक्षा मिश्रा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर, माही मिश्रा, मान्यता साहू, निशिका गुप्ता और ऋषभ पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पूछा कि उनकी नजर में बेहतर स्कूल कौन-सा है सरकारी या प्राइवेट। इस पर उन्होंने स्वयं कहा कि सफलता स्कूल के नाम से नहीं, विद्यार्थी की मेहनत और लगन से तय होती है। सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थी अंततः एक ही प्रतिस्पर्धा में खड़े होते हैं, इसलिए किसी छात्र को संसाधनों की कमी से निराश नहीं होना चाहिए।उन्होंने चिंता जताई कि सरकारी स्कूल इतने सक्षम होने चाहिए कि निजी विद्यालय उनसे सीख लें। दूरदराज और आदिवासी अंचल के बच्चों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सीमित सुविधाओं के बावजूद उनके उत्कृष्ट परिणाम यह साबित करते हैं कि मेहनत हर कमी पर भारी पड़ती है।विद्यार्थियों को जीवन का पाठ पढ़ाते हुए कलेक्टर ने कहा कि माता-पिता अपनी मेहनत की कमाई बच्चों की शिक्षा पर खर्च करते हैं, इसलिए उनके सपनों को साकार करना विद्यार्थियों का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि असफलता मिलने पर शिक्षक, प्रश्नपत्र या परिस्थितियों को दोष देने के बजाय स्वयं का आकलन करना चाहिए और यह सोचना चाहिए कि अगली बार और बेहतर कैसे किया जाए।कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.के. मंगलानी सहित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की संवेदनशील पहल: नानवती बैगा को मिली 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

**शहडोल।** साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की संवेदनशील पहल देखने को मिली, जब उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की मदद के लिए त्वरित निर्णय लेते हुए सहायता उपलब्ध कराई।ग्राम कठौतियां निवासी श्रीमती नानवती बैगा, पति रामपाल बैगा ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता की मांग की थी। आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से संचालित संकटापन्न मद से 10 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत करने के निर्देश दिए।कलेक्टर के निर्देश पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए श्रीमती नानवती बैगा को संकटापन्न योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का स्वीकृति पत्र प्रदान किया।इस पहल से जरूरतमंद परिवार को तत्काल राहत मिली है।

### कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई, दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं

**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय शहडोल में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में शहडोल संभाग की कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके समय-सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई में विभिन्न जिलों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं। ग्राम धनवाही निवासी धीरा बैगा ने निजी भूमि में हो रहे निर्माण कार्य एवं अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की। वहीं ग्राम बलपुरवा की संगीता सेन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने का आवेदन दिया।इसी तरह ग्राम बसोहरा निवासी दीनदयाल सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना में नाम जोड़ने, जबकि ग्राम निकई के मोहन लाल साहू ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की।कमिश्नर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कल बुढ़ार-धनपुरी दौरे पर आएंगे वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**शहडोल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष, मध्यप्रदेश शासन एवं अजय सिंह राहुल 23 अप्रैल गुरुवार को बुढ़ार-धनपुरी दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ मध्यप्रदेश के सभी प्रकोष्ठ एवं विभागों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़ार द्वारा अजय सिंह राहुल का स्वागत अमलाई चौक बुढ़ार में सुबह 9 बजे किया जाएगा। इसके बाद वरिष्ठ पदाधिकारियों से सामान्य मुलाकात का कार्यक्रम हनुमान खंडेलवाल के निवास स्थान पर आयोजित होगा। वहीं सामान्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात का कार्यक्रम बलमीत सिंह खनूजा के निवास पर रखा गया है।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल के आगमन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार के सभी सम्मानित साथियों, मंडलम अध्यक्षों, नगर कांग्रेस अध्यक्षों, युवा कांग्रेस एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों से गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया गया है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलमीत सिंह खनूजा ने कहा कि अजय सिंह राहुल का दौरा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक रहेगा। उनके मार्गदर्शन से संगठन को मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में कांग्रेस और अधिक सशक्त होकर उभरेगी।कांग्रेस नेता सुजीत सिंह चंदेल ने कहा कि राहुल भैया हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हैं और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम करते हैं। उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।वरिष्ठ कार्यकर्ता हनुमान खंडेलवाल ने कहा कि यह दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं को सीधे वरिष्ठ नेतृत्व से मिलने और अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा, जिससे संगठन और मजबूत होगा।ब्लॉक अध्यक्ष अंकित सिंह ने सभी कांग्रेसजनों से समय पर पहुंचकर स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दौरा बुढ़ार क्षेत्र की राजनीति में नई दिशा देने वाला साबित होगा।

# नियमित छात्रा को प्राइवेट घोषित करने का मामला, कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार



**शहडोल।** जिले के बाणसागर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 10वीं की छात्रा के साथ कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। छात्रा दीपारानी तिवारी ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए न्याय की मांग की है।छात्रा के अनुसार, वह पूरे सत्र में नियमित रूप से विद्यालय आती रही और बोर्ड परीक्षा में भी सम्मिलित हुई। लेकिन जब परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो उसे नियमित के बजाय 'प्राइवेट' छात्रा घोषित कर दिया गया। इतना ही नहीं, प्रोजेक्ट कार्य में भी उसे एक भी अंक नहीं दिए गए, जिससे उसका परिणाम प्रभावित हुआ।मामले की जानकारी मिलने पर जब विद्यालय की ओर से क्लास टीचर से संपर्क किया गया, तो बताया गया कि छात्रा की उपस्थिति कम होने के कारण उसे प्राइवेट कर दिया गया है। हालांकि, छात्रा और उसके अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें इस संबंध में पहले कभी कोई सूचना नहीं दी गई।छात्रा दीपारानी तिवारी ने कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए पूरे मामले की जांच कर उचित न्याय दिलाने की मांग की है। उसने कहा कि यदि समय रहते सूचना दी जाती तो वह अपनी उपस्थिति सुधार सकती थी।इस मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है और छात्रा को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# फायर सर्विस सप्ताह: बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन प्रशिक्षण, स्टाफ को दिया व्यावहारिक ज्ञान



**शहडोल।** फायर सर्विस सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में एक व्यापक अग्निशमन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज स्टाफ के बीच आपातकालीन तैयारी और जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा।यह प्रशिक्षण रिलायंस सीबीएम फायर विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें अनुभवी अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा से जुड़ी तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण और लाइव प्रदर्शन प्रस्तुत किए। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग, सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया तथा शुरुआती स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।फायर अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि आग लगने जैसी आपात स्थितियों में सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय अत्यंत आवश्यक है, खासकर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों जैसे संवेदनशील संस्थानों में। उन्होंने स्टाफ को हर परिस्थिति में तैयार रहने और सुरक्षा मानकों का पालन करने पर जोर दिया।कार्यक्रम में कॉलेज के डॉ. अब्दुल सबीर खान सहित कई चिकित्सक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। वहीं रिलायंस सीबीएम की ओर से प्रेम राठौर, अमितेश पांडेय और प्रदीप द्विवेदी ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रशिक्षण के दौरान कॉलेज स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल सीखे। इस आयोजन को सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया गया।

# पेंशनरों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, 12 सूत्रीय मांगों को लेकर दी आंदोलन की चेतावनी



**शहडोल।** पेंशनर एसोसिएशन ने प्रदेश के लाखों पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को समाप्त करने की रखी गई, जिसे पेंशनरों ने महंगाई राहत मिलने में सबसे बड़ी बाधा बताया। उनका कहना है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभाजन के समय लागू की गई यह धारा अब पेंशनरों के हितों के विपरीत काम कर रही है।पेंशनरों ने आर्थिक मांगों पर भी जोर देते हुए कहा कि छठे वेतनमान का 32 माह का एरियर और सातवें वेतनमान का 27 माह का बकाया अब तक नहीं दिया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार के समान 61 प्रतिशत महंगाई राहत घोषणा तिथि से लागू करते हुए भुगतान आदेश जारी करने की मांग की। संगठन ने वरिष्ठ पेंशनरों के हित में अतिरिक्त पेंशन वृद्धि की आयु सीमा 80 वर्ष से घटाकर 65 वर्ष करने तथा 80 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों को तत्काल 20 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि देने की मांग भी रखी।ज्ञापन में सेवानिवृत्त शिक्षकों को 300 दिनों के अर्जित अवकाश का नकदीकरण देने, 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ देने, निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराने, आयुष्मान योजना का लाभ देने और रेल किराए में पूर्व की तरह 50 प्रतिशत छूट बहाल करने की मांग की गई। इसके साथ ही स्थानीय समस्याओं का भी उल्लेख किया गया, जिसमें संगठन के कार्यालय के लिए जिला मुख्यालय में शासकीय भवन आवंटित करने तथा जिला अस्पतालों में वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की मांग शामिल है।ज्ञापन सौंपने के दौरान पेंशनर एसोसिएशन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष रामनरेश तिवारी, संभागीय अध्यक्ष रविकरण त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष आर.एल. तिवारी, के.पी. महेन्द्रा, दयाशंकर शुक्ला, लोकेन्द्र प्रसाद तिवारी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और पेंशनर उपस्थित रहे।



### कलेक्ट्रेट में साप्ताहिक जनसुनवाई, कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**शहडोल।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के सोन सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आईं। ग्राम मल्दा निवासी काशिम खान ने सीसी रोड निर्माण की मांग रखी, वहीं ग्राम सन्नौसी के रामप्रकाश पटेल ने धान विक्रय की बकाया राशि दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम मीठी निवासी रामसुजान जायसवाल ने भूमि सीमांकन कराने की मांग की।इसके अलावा वार्ड क्रमांक 16 शहडोल के रामभजन पटेल ने नल कनेक्शन, ग्राम दुलादर की श्रीमती हेमा शुक्ला ने विद्युत कनेक्शन लगवाने तथा वार्ड क्रमांक 2 निवासी चांदनी कोल ने क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को हटवाने के संबंध में आवेदन सौंपा।कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



आवंटित भूमि पर फेंसिंग कराने और कार्यों को फास्ट ट्रैक करने के निर्देश

# केंद्रीय विद्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, निर्माण और व्यवस्थाओं पर दिए सख्त निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने केंद्रीय विद्यालय का विस्तृत निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों, बुनियादी सुविधाओं और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और लंबित कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देशनिरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि विद्यालय निर्माण के लिए भूमि का सीमांकन पंचनामा पूरा हो चुका है और टेंडर प्रक्रिया हेतु प्रस्ताव भेजा जाना है। इस पर कलेक्टर ने ड्रॉइंग एवं डिजाइन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने और पूरी प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक मोड में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जैसे ही भवन निर्माण शुरू होगा, अप्रोच रोड का कार्य भी समानांतर रूप से पूर्ण कराया जाएगा।जिला प्रशासन का सहयोग सुनिश्चितकलेक्टर ने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कराने के लिए जिला प्रशासन हर संभव सहयोग देगा। उन्होंने अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर देरी नहीं होनी चाहिए।एस्बेस्टस शीट की समस्या पर चिंताविद्यालय परिसर में लगी एस्बेस्टस शीट को लेकर कलेक्टर ने गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने तकनीकी टीम से इसकी जांच कराने और सुरक्षित एवं बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, भवन की मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने को कहा। सड़क और पहुंच मार्ग सुधार पर जोरवर्तमान विद्यालय तक पहुंचने वाली सड़क की स्थिति सुधारने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों और स्टाफ को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसलिए सड़क सुधार कार्य जल्द पूरा किया







जाए।पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देशछात्रों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर ने वाटर कूलर और वाटर फिल्टर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, पीएचई विभाग को पानी की गुणवत्ता की हर माह जांच करने के निर्देश दिए गए। बोरवेल के पानी को 2000 लीटर की टंकी में संग्रहित कर आरओ सिस्टम के माध्यम से शुद्ध करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया। खेल गतिविधियों की ली जानकारीनिरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पोर्ट्स टीचर से विद्यालय में संचालित खेल गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।आरआई ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का भी निरीक्षणकेंद्रीय विद्यालय के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने आरआई ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का भी दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़े संसाधनों को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। डबरौहा में भूमि का निरीक्षणकलेक्टर ने डबरौहा में केंद्रीय विद्यालय के लिए आवंटित भूमि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य को भूमि की फेंसिंग कराने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो सके।समयसीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोरकलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए।कुल मिलाकर कलेक्टर का यह निरीक्षण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**त्वरित निराकरण के दिए निर्देश60 आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई, अधिकारियों को समयसीमा में समाधान के निर्देश**

**उमरिया।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता एक बार फिर जनसुनवाई में देखने को मिली। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने जनसुनवाई के दौरान पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ 60 नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई केवल शिकायत दर्ज करने का मंच नहीं है, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास की एक मजबूत कड़ी है, जहां लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सुलझाया जाता है।जनसुनवाई में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें बुनियादी सुविधाओं से लेकर व्यक्तिगत सहायता तक के मामले शामिल रहे। रामखेलावन, बीरन, मुनीम, विपेन्द्र, जानकी और सोमती कोहका (47) ने हैंडपंप सुधार की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को शीघ्र कार्रवाई कर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।ग्राम तेंदुहा के प्रेमलाल प्रजापति ने विवाह सहायता योजना का लाभ दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया, जबकि चंदिया निवासी भरत कुमार ने धान विक्रय का भुगतान कराने की समस्या बताई। कलेक्टर ने दोनों मामलों में संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करते हुए लाभ दिलाने के निर्देश दिए।भूमि विवाद से जुड़े मामलों में ग्राम टिकुरी के दयाराम कोरी ने पुस्तैनी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजस्व एवं रिकॉर्ड से जुड़े कई प्रकरण भी सामने आए। तहसील मानपुर के छोटा बैगा ने नक्शा तरमीम को कम्प्यूटर में फीड कराने की मांग की, वहीं समती बाई और ग्राम दुब्बार की गइली बाई बैगा ने भी रिकॉर्ड सुधार से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



कलेक्टर ने इन मामलों में पारदर्शिता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मामलों में बिरसिंहपुर पाली की सरफुनिया ने पति की मृत्यु उपरांत अनुग्रह सहायता दिलाने का आवेदन दिया। वहीं गोरइया निवासी सत्यराज सिंह ने खाद्यान्न पात्रता पर्ची के लिए गुहार लगाई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि ऐसे संवेदनशील मामलों में प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाया जाए।जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर अमित सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में प्राप्त आवेदनों को तत्काल संबंधित विभागों को सौंपा गया, जिससे उनके त्वरित और प्रभावी निराकरण की प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की समस्या प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है और उसके समाधान के लिए शासन पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रहा है। जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच संवाद और विश्वास को लगातार मजबूत किया जा रहा है, ताकि लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े और उन्हें समय पर राहत मिल सके।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक संपन्न, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर विशेष जोर, काउंसलर नियुक्त करने का निर्णय

**उमरिया।** कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बेहद आवश्यक है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।बैठक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 जुलाई 2025 के निर्णय के पैरा-35 के परिपालन में नेशनल टास्क फोर्स द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक शैक्षणिक संस्था में काउंसलर नामित करने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि काउंसलर विद्यार्थियों, मेंटर्स, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करें और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर प्रशिक्षित करें, ताकि समय रहते



समस्याओं की पहचान कर समाधान किया जा सके।कलेक्टर ने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करने तथा कमजोर छात्रों की पहचान कर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का व्यवहारिक एवं अनुशासनात्मक विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस दिशा में स्कूलों और कॉलेजों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विद्यालय परिसरों में वाल पेंटिंग के माध्यम से टोल फ्री नंबर और हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए जाएं, ताकि जरूरत पड़ने पर छात्र आसानी से सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों को मानसिक तनाव या अन्य समस्याओं के समय तत्काल मदद मिल सकेगी।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल, जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी, डॉ. विमला मरावी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्राचार्य महाविद्यालय उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों के स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए तय दिशा-निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# अवैध मदिरा के खिलाफ आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई, 6 प्रकरण दर्ज, कई स्थानों पर छापेमारी, बीयर और देशी शराब जब्त

**उमरिया।** जिले में अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय, संग्रहण और परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की।

यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी सावित्री भगत के मार्गदर्शन में वृत्त मानपुर क्षेत्र में की गई। अभियान के दौरान कई स्थानों से अवैध शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए।आबकारी टीम ने



भरौली ढाबा में छापेमारी कर संचालक आकाश जायसवाल के कब्जे से 12 बोतल बीयर और 10 पाव देशी प्लेन मदिरा जब्त की। इसी प्रकार ग्राम देवगवां में धर्मेन्द्र सिंह के किराना दुकान से 9 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई। ग्राम मुगवानी में राजाराम गुप्ता के पास से 25 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई।कार्रवाई के दौरान ग्राम कठार में उमेश पटेल के कब्जे से 19 पाव देशी मदिरा प्लेन तथा बिजौरी स्थित ढाबे में सावित्री साहू के कब्जे से 14 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई। सभी मामलों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) के तहत कुल 6 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं।यह पूरी कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें टीम के सदस्य कविता सिंह, राजपति प्रजापति, कु.अंजली गौतम एवं नगर सैनिक जीवन लाल का विशेष योगदान रहा।

# कड़ाके की धूप पडने के कारण लोगों को होने लगा तेज गर्मी का एहसास

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** वर्तमान में कड़ाके की धूप पडने के कारण तेज गर्मी का एहसास लोगों को होने लगा है। तापमान में उछाल-मारनी शुरू कर दी है। वर्तमान में पारा 40 डिग्री से कम नहीं है। मौसम विभाग की माने तो हवाओं में नमी खत्म हो जाने से मौसम में परिवर्तन हो चला है। जो तापमान को बढ़ाने का मौका दे रहा है। दिन में धूप के थपेड़े बदन पर मार कर रहे हैं। सडके दोपहर में वीरान नजर आ रही है। लोग पसीना बहाते गमछा लपेट कर शीतल पेय के सहारे किसी तरह अपना काम निपटा रहे हैं। लोगों को छांव की तलाश और शीतल हवाओं की दरकार महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार हवा में नमी घटना और मौसम शुष्क होने से तापमान को मनमानी करने का मौका मिल गया है। कोई अप्रत्याशी स्वभाव मौसम का नहीं बदला तो अब गर्मी अपना असर दिखाएंगे। वही प्रतिदिन शाम को मौसम में ठंडक घुल जाने के कारण तेज हवाएं एवं धूल भरी आंधी चलने लगती है जिसके कारण रात में लोगों को उमश भरी गर्मी का एहसास होने लगता है। दो दिनों से मौसम मे परिवर्तन देखने को मिल रहा है सोमवार को सुबह 11 बजे से आसमान मे बादल छाए हुए थे शाम होते ही आसमान मे बादल घने काले हो गए रात्रि आठ बजे से तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चलने लगी। वर्तमान में रात्रि में पंखा एवं कूलर भी




काम नहीं कर रहे हैं। वर्तमान में दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होने के कारण लोगों को गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है। वर्तमान में एसी कूलर भी काम नहीं कर रहे हैं। गर्मी का हाल यह है कि सुबह 7:00 बजे से ही कड़ी धूप लगनी शुरू हो जाती है जिसके कारण लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। दिन के बारह बजते बजते तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाती है जो लगभग पर 40 डिग्री तक पहुंच जा रहा है ।

लोग घरों से निकलने के पहले अपने चेहरे एवं शरीर को ढक कर निकल रहे हैं। लू के थपेढो से लोगों का हाल बुरा है। बीते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आये दिन आंधी तूफान के बाद गर्मी के तेवर से आम जनता परेशान होने लगी है। मौसम के बदलाव से अस्पतालो मे मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पदस्थ आयूष चिकित्सा अधिकारी डॉ संगीता प्रजापति का कहना है कि वर्तमान में मौसम में प्रतिदिन बदलाव हो रहा है। आयुर्वेद शास्त्रों के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में सूरज की धूप तिखे होने से शरीर की स्निर्धनता कम हो जाती है इसलिए वातकफ दोष की वृद्धि एवं वात दोष की अधिकता से शरीर रूक्ष हो जाता है। उष्णता बढ़ने से गर्मी का एहसास अधिक होता है। इस मौसम में खूब पानी पिये लघु आहार का सेवन करें। सीधे धूप में जाने से बचे। हल्के सूती वस्त्रो को धारण करें। एनर्जी ड्रिंक ले। हल्का व्यायाम करें। एवं फलों का भरपूर सेवन करें। इस तरह हम गर्मी के मौसम में स्वस्थ रह सकते हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही वर्तमान में बाजार में जलीय फल खीरा, ककड़ी, तरबूज, कलिंदर की बिक्री जमकर हो रही है। इन फलों का सेवन करने से शरीर में कई प्रकार की विटामिन भी मिल रही है साथ ही शरीर में पानी की कमी भी नहीं होने पाती। इस भीषण गर्मी में कड़कड़ाती धूप में इन फलों की बिक्री जमकर हो रही है।

# राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कलेक्ट्रेट में देखा गया राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण**

**हरिभूमि न्यज अनूपपुर।** लोक प्रशासन में निष्ठा, पारदर्शिता और सेवा भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज अनूपपुर जिले में 'राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस' मनाया गया। इस दिवस का मुख्य लक्ष्य प्रशासनिक अधिकारियों को जनहित के कार्यों के प्रति पुनः संकल्पित करना और शासकीय सेवा के उच्चतम आदर्शों को बनाए रखना है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर भोपाल स्थित स्वर्ण जयंती सभागार, प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट कार्यालय के




एनआईसी कक्ष में देखा एवं सुना गया। भोपाल में आयोजित इस मुख्य समारोह के दौरान लोक प्रशासन में विशिष्ट नवाचारों और शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं विभागों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट में उपस्थित अधिकारियों ने पुरस्कार वितरण के इस गरिमामय क्षण को देखा और सम्मानित अधिकारियों के अनुभवों का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, वन मंडलाधिकारी डेविड वेंकटेश, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडे एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर कमलेश पुरी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक समन्वय और विकास कार्यों में टीम भावना के साथ कार्य करने पर बल दिया गया।

# सीईओ जिला पंचायत ने जनसुनवाई में 47 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**हरिभूमि न्यज अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने 47 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान तहसील कोतमा के ग्राम विचारपुर



निवासी चन्द्र कुमार उपाध्याय ने नक्शा तरमीम कराए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम लमसरई निवासी हरि सिंह ने प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम सरई निवासी श्रीमती सन्तू बाई चर्मकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु भूमि का अधिग्रहण करने पर मुआवजा राशि दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम सिलवारी निवासी श्रीमती जहनवती ने पीएम जन-मन आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम अमलई पयारी नं. 01 निवासी श्रीमती कौशल्या बाई केवट ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील जैतहरी के ग्राम गोरसी निवासी सुश्री सृजल सिंह राठौर ने आधार कार्ड में नाम सुधारने, तहसील अनूपपुर के बदरा निवासी शेषनाथ पासवान ने पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# ग्राम पंचायतों में राहगीरों के लिए निशुल्क प्याऊ शुरू

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत निगवानी, चंगेरी एवं बगैहाटोला में राहगीरों तथा आमजनों की सुविधा हेतु प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर निशुल्क प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों की स्थापना मुख्य मार्गों और आवागमन वाले क्षेत्रों में की गई है, जिससे लंबी दूरी तय करने वाले मुसाफिरों और स्थानीय ग्रामीणों को भीषण गर्मी में तत्काल राहत मिल सके। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला प्रशासन के




अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की उपलब्धता निरंतर बनी रहे। स्थानीय प्रबंधन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्याऊ स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए और मटकों व जल-पात्रों की नियमित सफाई की जाए। जनहित में की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को लू और निर्जलीकरण से बचाना है, जिससे क्षेत्र के श्रमिकों और राहगीरों को इस कठिन मौसम में पेयजल के लिए असुविधा का सामना न करना पड़े।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यज अनूपपुर।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में सत्र 2026-27 में कक्षा 11 वीं में लेटरल एंट्री (रिक्त सीट) के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन ऑफलाईन मोड में एकलव्य विद्यालय में भरे जाएंगे। जिसके माध्यम से विभिन्न संकायों (विज्ञान, कला एवं कामर्स) में कक्षा 10 वीं में प्राप्त अंकों के आधार पर बनाई गई मेरिट सूची के आधार पर संकायों का आवंटन किया जाएगा। एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य ने बताया है कि आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों को 10 वीं कक्षा की अंकसूची, आधार कार्ड, प्रोफाईल पंजीयन, समग्र आईडी, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक की छायाप्रतियों सहित 3 पासपोर्ट साईज फोटो लाना अनिवार्य होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 03 मई है।

**खबर संक्षेप**

### द्वितीय अवसर एमपी बोर्ड परीक्षा 7 मई से होगी

**कटनी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब विद्यार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा आयोजित की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं के जो विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, अनुत्तीर्ण हुए या अंक सुधारना चाहते हैं, वे निराश न हों, सरकार उनके साथ खड़ी है। द्वितीय अवसर परीक्षा 7 से 25 मई तक आयोजित होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 22 अप्रैल की रात 12 बजे तक एम.पी. पोर्टल के माध्यम से भरे जा सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को पिछली बार से अधिक परिश्रम और बेहतर करने के लिए एक मौका और दिया गया है।

### द्वितीय नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 9 मई को इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार-प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं। द्वतीय नेशलन लोग अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, बैंक, एमएसीटी, वैवाहिक, श्रम, बिजली/जलकर , बैंक रिकवरी, वैवाहिक, श्रम और प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी समझौते से तुरंत निराकरण किया जाएगा। यह आपसी सहमती से विवाद के अंत का एक अनौपचारिक मंच है। इसके लिए कोई अतिरक्त फीस भी नहीं देना होता है, यह भविष्य में होने वाले खर्च समय से बचाव का अवसर है। उपरोक्त दिनांक को इस संबंधित लोग नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।

### भरदा बड़खेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**स्लीमनाबाद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा जारी किए गए हाई स्कूल परीक्षा के परीक्षा परिणामो में शास हाई स्कूल बडखेरा भरदा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जो गत वर्ष के परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से 10 प्रतिशत अधिक रहा। विद्यालय में अध्ययनरत 38 छात्रों में से 30 प्रथम स्थान पर वह 8 द्वितीय स्थान पर रहे।विद्यालय की छात्रा सृष्टि मिश्रा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, दुर्गेश कुम्हार 90.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर व कपिल चौधरी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य बृजेश कुमार क्षत्री ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ऐसे ही परिश्रम करके आगे बढ़कर परिवार का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन सभी शिक्षकों की कड़ी मेहनत व लगन का परिणाम बताया है।

# भीषण गर्मी को देखते हुए लीनेस क्लब बुढ़ार ने शुरू किया प्याऊ, राहगीरों को मिला शीतल जल

धनपुरी।





भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और आमजन की प्यास बुझाने के उद्देश्य से लीनेस क्लब बुढ़ार द्वारा शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इस सेवा कार्य के तहत प्याऊ का शुभारंभ किया गया।गर्मी से राहत दिलाने के लिए पानी को ठंडा बनाए रखने हेतु मटकों की व्यवस्था की गई, जिनके नीचे रेत बिछाई गई। साथ ही, राहगीरों को पानी पिलाने के लिए सेवादार भी तैनात किए गए। क्लब द्वारा पशुओं के लिए नांद एवं पक्षियों के लिए सकारा (पानी के बर्तन) की भी व्यवस्था की गई, जो सराहनीय पहल है।प्याऊ के शुभारंभ के अवसर पर लीनेस बहनों की उपस्थिति रही। इस दौरान राहगीरों को ठंडे पानी के साथ गुड़ और चने का वितरण भी किया गया, जिससे लोगों को गर्मी में काफी राहत मिली।सेवा का अनमोल सुख लीनेस क्लब बुढ़ार द्वारा पूरे वर्ष जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। क्लब की सदस्याओं का कहना है कि जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान देखकर जो आत्मिक संतोष मिलता है, उसका कोई मूल्य नहीं लगाया जा सकता। यह सेवा भावना क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।उपस्थित सदस्यइस अवसर पर क्लब अध्यक्ष बिंदा भगत, सचिव अंजू दुआ, कोषाध्यक्ष अर्चना ओझा सहित स्नेहलता गुप्ता, आरती खनूजा, प्रतिमा जैन एवं ज्योति खनूजा की विशेष उपस्थिति एवं सराहनीय भूमिका रही।

## किसानों की समस्याओं पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों की समस्याओं को लेकर सोमवार को कलेक्टर के नाम बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया के माध्यम से कांग्रेस द्वारा एक ज्ञापन सौंपा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत गेहूं उपार्जन हेतु बहोरीबंद क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पटोरी स्थित सायलो केन्द्र निर्धारित किया गया है। अगर सायलो केन्द्र में गेहूं की खरीदी की गई तो क्षेत्र के अधिकांश लघु सीमांत किसान वहां पहुंच नहीं पाएंगे। जिससे वह किसान बिचौलियों और व्यापारियों को अपनी मेहनत की उपज बेचने को मजबूर होंगे। जिससे क्षेत्र में विस्फोटक स्थिति निर्मित हो सकती है। क्षेत्र के हर किसान के हितों को ध्यान में रखते हुए पूर्व की तरह क्षेत्र में गेहूं उपार्जन केन्द्र स्थापित किए जाए। जिससे किसानो को परेशानियों बचया जा सकें। बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के सभी गोदाम स्तरीय तथा समिति स्तरीय खरीदी केंद्रों को यथास्थिति बनाए रखें, अन्यथा कांग्रेस क्षेत्र के किसानों के हित में धरना और उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपा जाने के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, जिला महामंत्री अजय गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ के एल जैन, सादिक खान, देव सिंह पटेल, गणेश नारायण गुप्ता, के एल राय,संतोष पटेल, नीरज पटेल, संजय जैन, सचिन राजपूत, विजय तिवारी, कमला विश्वकर्मा, दयाशंकर गुप्ता, पूर्णेन्द, रमेश पटेल, मोंटी पांडे, अजय खम्परिया, शुभम पटेल, राजेश तिवारी मौजूद रहे।

## वट वृक्ष के नीचे गुड्डे-गुडियों की शादी करवाकर मनाई अक्षय तृतीया, मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सोमवार को अक्षय तृतीया त्यौहार पारंपरिक उत्सवी माहौल पर धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में विवाह की सारी रस्में पलाश के वृक्ष के नीचे पूरी की गई। अगले चरण मे वट सावित्री अमावस्या को वटवृक्ष के छाव में भोज के आयोजन के साथ उनका गठबंधन खोला जाएगा ।अक्षय तृतीया के पर्व पर ग्रामीण अंचलों में बालक_बालिकाएं आम और बरगद के नीचे बैठकर मिट्टी के बने हुए गुड्डे-गुड़यों (पुतरा-पुतरियों) का विवाह रस्म कराया गया। साथ ही प्रसाद के रूप नए चने की दाल वितरण की गई। इन्हें सत्यवान और सावित्री का प्रतीक भी कहा जाता है। अक्षय तृतीया के अवसर पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मै महिला मंडल के द्वारा रामचरित मानस पाठ आयोजित किया ।साथ ही सायकालीन आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। वही दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, हरिदास ब्रजधाम कोहका, कोडिया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, खिरहनी स्थित जगदीश धाम में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिट्टी के नए घड़ा-कलश किये गए स्थापित-इस दिन मिट्टी के नये घड़ों-कलशों में जल भर कर और वट के पत्तों से बने दोनों में प्रसाद लगाकर घरो में पूजा की गई। इस दिन लगाई हुई गाँठ बरगद के नीचे ही वट सावित्री (ज्येष्ठ अमावस्या ) को खोली जाएगी। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि यह मान्यता है कि इस दिन प्रारंभ किये हुए मांगलिक, सृजनात्मक कार्य का प्रभाव अक्षय होता है । इस तिथि का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन बिना किसी पंचांग देखे कोई भी शुभ मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, वस्त्र, आभूषण खरीदारी संबंधित कार्य किए जाते हैं। भविष्य पुराण के अनुसार इस तिथि की युगादि तिथियों में गणना होती है। सतयुग और त्रेता युग का प्रारंभ और द्वापर युग का समापन भी इसी दिन हुआ था। मां गंगा का आगमन और महाभारत युद्घ की समाप्ति भी इसी दिन हुई। यह तिथि बसंत ऋतु के अंत और ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ दिन भी है। इस दिन दान करने से कोई क्षय नहीं होता है।

# शासन की योजनाओं को सफल बनाने में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका अहम—कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वैच्छिक संस्थाओं की बैठक संपन्न

उमरिया।



कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वैच्छिक एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में "पंख कार्यक्रम" की दृष्टि योजना के अंतर्गत सामाजिक संगठनों की भूमिका, उनकी सहभागिता और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन और समाज के बीच सेतु का कार्य मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाएं लगातार जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को समझती हैं और समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कलेक्टर ने विशेष रूप से जल संवर्धन के क्षेत्र में परिषद एवं उससे जुड़ी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इस दिशा में प्रयासों को और तेज करने पर जोर दिया।मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि "पंख कार्यक्रम" के अंतर्गत जिले की सभी सामाजिक संस्थाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिले में कार्यरत संस्थाओं की एक डायरेक्टरी तैयार की जाएगी, जिससे उनके कार्यों और पद्धतियों का विस्तार संभव हो सके। इसके साथ ही भोपाल में कार्यशाला आयोजित कर संस्थाओं को प्रशिक्षण देने की योजना भी बनाई जा रही है।बैठक में शासन और सामाजिक संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रशासन और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है, जिससे लाभ सीधे जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके।इस अवसर पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं प्रस्फुटन, सृजन, दृष्टि, संवाद, समृद्धि और विस्तार के साथ ही सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित प्रतिनिधियों को इन योजनाओं के उद्देश्यों और उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. सेन गुप्ता, विकासखंड समन्वयक महेन्द्र सिंह तराम, पुष्पा तेकाम, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जिले में कार्यरत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी दिए।

**निकाली गई भव्य शोभायात्रा, हुए विविध आयोजन**

## भक्ति व आस्था से मनाया सिंहवाहिनी का 32वां स्थापना दिवस, चढ़ाया 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



नगर में स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर मे सोमवार को भक्ति की आस्था का सरोबोर नजारा देखने को मिला जो अद्भुत था। अवसर था मां सिंहवाहिनी के 32 वें ओर रसिक बिहारी जू सरकार का 22वां स्थापना दिवस का।सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा मां सिंहवाहिनी का 32 वां स्थापना दिवस भव्यता व धूमधाम से मनाया गया।स्थापना दिवस को जन्मदिवस के रूप मे मनाया गया। स्थापना दिवस की बेला पर प्रात 9 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक-पूजन किया गया, 12 बजे रामचरित मानस पाठ आयोजित हुआ। शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली गई। पहली बार मां सिंहवाहिनी को नगर भ्रमण कराया। शोभायात्रा में जय जगत जननी के जयकारे गूंज रहे थे। साथ शाम 6 बजे महाआरती की गई, फिर रात 8 बजे स्थापना दिवस को जन्मदिवस के रूप मे मनाया गया जिसका सिलसिला देर रात चला। इस के दौरान ढोल नगाड़ों की धुन पर भक्तिमय गीत व नृत्य की प्रस्तुतियां महिलाओं ने दी। सिंहवाहिनी मां के स्थापना दिवस के साथ साथ ही रसिक बिहारी जू का भी 22 स्थापना दिवस मनाया गया। भगवान बांके बिहारी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। महिलाओं के द्वारा 56 प्रकार का भोग बांके बिहारी को अर्पित किया गया । महिलाओं के द्वारा मंगलमय गीत गाये व नृत्य भी किया गया। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को तिलक लगाकर मुंह मीठा करते हुए स्थापना दिवस का आनंद उठाया। इस दौरान पंडित दिलीप पौराणिक,जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, बृजेश दुबे, नरेंद्र दुबे,जयदीप त्रिपाठी, गणेश त्रिपाठी,कार्तिक त्रिपाठी,अनुराग मिश्रा, आदित्य दुबे,नितिन अग्रहरि, राकेश साहू,नरेंद्र यादव,सहित क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की उपस्थिति रहे।

### धूमधाम से निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा



भगवान परशुराम की जयंती पर ब्राम्हण समाज के द्वारा उमरियापान में धूमधाम से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विप्रजनों ने भगवान परशुराम का पूजन किया। मंदिर प्रांगण से देरशाम शोभायात्रा शुरू हुई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होकर पुन: बडी माई मंदिर पहुचीं, जहा शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की जीवांत झांकिया शामिल रही। कार्यक्रम में भेड़ा के संत ब्रम्हानंद महाराज पहुंचे व उत्तरप्रदेश अयोध्या धाम हनुमान कुटी के संत श्रीराम दास महाराज भी शोभायात्रा में रथ पर सवार रहे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की झांकियों का स्वागत किया और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण कर नृत्य करते कलाकारों की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

## पुलिस की सघन चैकिंग से अपराधियों में हड़कंप, शैडो एरिया पर पैनी नजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लगातार आपराधिक गतिविधियों को बढ़ते देख उन पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य एवं कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस अब 'एक्शन मोड' में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले के चिन्हित 'शैडो एरिया' (अपराध-प्रवण और एकांत स्थान) पर विशेष निगरानी अभियान शुरू किया गया है। सोमवार को खुद एसपी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) डॉ. संतोष डेहरिया ने औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**होटल अरिंदम में हुआ समारोह, शहर के गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति**

# जनता की आवाज उठाने का कार्य करता है कवि: विधायक संदीप जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन कार्यक्रम का समारोह होटल अरिंदम के सभागार किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अगर आपमें काम करने का जज्बा है, तो आप किसी भी लक्ष्य को सहजता के साथ साध सकते हैं। जीवन में ध्येय महत्वपूर्ण होता है। आपका जज्बा आपको हारने नहीं देता। मन में कोई मिशन हो तो उम्र भी हार जाती है।

समारोह की अध्यक्षता संदीप जायसवाल ने की। कार्यक्रम समारोह में अन्य अतिथियों के रूप में रामजी श्रीवास्तव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, वरिष्ठ कवि मनोहर मनोज, डॉ प्रगति सेठ और नितिन श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। समारोह में शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र से अतिथियों का सम्मान भी किया गया। अतिथियों ने रिबन खोलकर काव्य संग्रह अनुभूति का विमोचन किया। काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन समारोह का शुभारंभ वीणावादिनी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत अनुभूति पटेल ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना एवं भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।

साहित्य संध्या को बनारस के युवा गीतकार वैभव अवस्थी और लखनऊ के युवा कवि दावर रजा की काव्य प्रस्तुतियों ने यादगार बना दिया। समारोह में शहर के सभी वर्गों के प्रतिष्ठित लोगों, राजनेताओं, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ कटनी के काव्य जगत से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर आयोजन को बेजोड़ बना दिया। लोगों की यही प्रतिक्रिया थी कि अरसे बाद साहित्य का ऐसा गुलशन सजा, जिसकी खुशबू से पूरा परिसर महक उठा। समारोह में काव्य संग्रह अनुभूति की समीक्षा कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ चित्रा प्रभात ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम संयोजक आशीष सोनी ने आभार व्यक्त किया।

संदीप जायसवाल विधायक संदीप जायसवाल ने जनकवि सुरेश सोनी के काव्य संग्रह अनुभूति के विमोचन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने नगर निगम से रिटायरमेंट के बाद भी अपनी काव्य यात्रा को जारी रखा, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि एक कवि व्यंग्य और वेदना को अपने शब्दों में पिरोकर जनता की आवाज को उठाने और जगाने का काम करता है।कार्यक्रम संयोजक आशीष सोनी ने पिता सुरेश सोनी ऋतुराज की कविताओं के जरिए पुराने दिनों की यादों को ताजा किया। मेरी पुस्तक देर से आई है, क्योंकि में सीधे रास्ते से आया हूं...वरिष्ठ कवि सुरेश सोनी ऋतुराज ने काव्य पाठ करते हुए अपनी लोकप्रिय कविता मिटी हाथ से यश की रेखा...हमारे हिस्से आई आग प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में समा बांध दिया।

कार्यक्रम में एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित शहर के वरिष्ठ नागरिक, कवि, एवं उद्योगपतियों की मौजूदगी रही।



## किसानों को पुष्प माला पहनाकर किया उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उमरियापान अंतर्गत खाम्हा स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ सोमवार को विधिवत रूप से किया गया। उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, मंडल महामंत्री अंकित झारिया, सरपंच सुशील पाल, प्रदीप चौरसिया ने किसानों को पुष्प माला पहनाकर खरीदी कार्य की शुरुआत की।

खरीदी के प्रथम दिवस किसान परमेश्वर दयाल कुर्मी, सनद कुमार कुर्मी, मिथला बाई कुर्मी की गेहूं की उपज की तौल की गई। इस मौके पर खरीदी केंद्र प्रभारी अनूप मिश्रा, पीयूष मिश्रा, प्रदीप पाण्डेय,प्रशांत चौरसिया सहित क्षेत्र के अनेक किसान मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## मोटर साईकल चोर को बिजुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** पुलिस द्वारा बिजुरी बाजार से मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। फरियादी कैलाश सोनी पिता स्व. रामविशाल सोनी उम्र 56 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 12 सब्जी मंडी ग्राउण्ड के पास बिजुरी का उपस्थित थाना आकर जुवानी रिपोर्ट लेख कराया कि मैं 26 मार्च को करीब 03.00 बजे दोपहर अपनी मोटर सायकल हीरो पेशन प्रो पुरानी इस्तेमाली कीमती करीब 60000 रुपये को अपने घर के सामने रोड पर खडी कर अन्दर चला गया था कुछ समय बाद घर से बाहर आकर देखा तो मेरी मोटर सायकल घर के बाहर नही खडी थी लगता है कि मेरी मोटर सायकल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर के ले गया है। मिलने पर मैं अपनी गाडी को पहचान लुंगा। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 134/26 धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर अनुंसधान में लिया गया। दौरान विवेचना चोरी गई मोटर सायकल एवं आरोपी की पता तलास की गई जो मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बिजुरी से कोरजा तरफ हीरो मोटर सायकल से जा रहा है जो संदिग्ध लग रहा है जिसे पुलिस के द्वारा घेराबंधी कर पकड कर पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपना देवेन्द्र उर्फ पींटू पिता मुन्ना प्रधान उम्र 24 वर्ष निवासी बेलिया छोट का होना बताया एवं उक्त मोटर सायकल 26 मार्च को सब्जी मंडी बिजुरी से चोरी करना बताया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेएमएफसी न्यायालय कोतमा पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, सउनि उदय प्रजापति, आर मनोज उपाध्याय, आर. लक्ष्मण डांगी की विशेष उल्लेखनीय भूमिका रही।

## जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत 16 अप्रैल से स्वगणना प्रारंभ



अनूपपुर। जिले में राष्ट्रीय जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ 16 अप्रैल से हो चुका है। इस बार की जनगणना प्रक्रिया को पूरी तरह 'हाई-टेक' और पारदर्शी बनाते हुए शासन ने नागरिकों के लिए 'स्व-गणना की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है। इस क्रांतिकारी पहल के माध्यम से अब जिले के निवासी घर बैठे अपने मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर के जरिए स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सीधे तौर पर सहभागिता कर सकेंगे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि यह देश और जिले के उज्जवल भविष्य का आधार स्तंभ है। नागरिकों द्वारा दी गई एक-एक सटीक जानकारी आने वाले समय में जिले के स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और अधोसंरचना के विकास की ठोस योजनाएं बनाने में आधार का काम करेगी। उन्होंने कहा कि नागरिक इस राष्ट्रीय अभियान को अपनी जिम्मेदारी समझें और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं।

स्व-गणना की सुविधा से न केवल नागरिकों के समय की बचत होगी, बल्कि डेटा की शुद्धता भी सुनिश्चित होगी। इस प्रक्रिया के बाद नागरिकों को प्रगणक के घर आने का इंतजार करने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। कलेक्टर श्री पंचोली ने जिले के युवाओं और शिक्षित वर्ग से विशेष आग्रह किया है कि वे स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने के साथ-साथ अपने आसपास के बुजुर्गों और तकनीकी रूप से कम दक्ष लोगों को भी इस डिजिटल प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें। नागरिक शासन द्वारा निर्धारित आधिकारिक जनगणना पोर्टल पर जाएं। अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत करें और प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉग-इन करें। पोर्टल पर चाही गई आवश्यक जानकारी सावधानी पूर्वक दर्ज करें। फॉर्म सफलतापूर्वक जमा होने के बाद प्राप्त रेफरेंस नंबर को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें। कलेक्टर ने जिले के सभी जिलेवासियों से अपील की है कि वे 'स्व-गणना' की इस सुगम सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और अनूपपुर जिले को इस राष्ट्रीय गौरव के कार्य में अग्रणी बनाएं।

### उप निरीक्षक पर हमला, सर्विस रिवॉल्वर लूटकर हुए फरार तस्कर

# बकरी तस्करों पर कार्यवाही बनी जानलेवा

**अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ पुलिस अनुभाग में बकरी तस्करों को पकड़ने की कार्यवाही उस वक्त हिंसक हो गई जब सरई चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मंगला दुबे पर प्राणघातक हमला कर दिया गया। हमलावर न केवल उन्हें घायल कर भाग निकले, बल्कि उनका सर्विस रिवॉल्वर भी छीन ले गए। इस घटना में एक हवलदार भी घायल हुआ है।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के पुष्पराजगढ़ अनुभाग के थाना करनपठार अंतर्गत सरई पुलिस चौकी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली गंभीर घटना सामने आई है। बकरी तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के दौरान चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मंगला दुबे पर हमला कर दिया गया है। यह पूरी घटना बकरी चोरी करने वाले गिरोह का पीछा करते समय तस्करो ने अचानक हमला कर उन्हें घायल कर दिया और मौके से उनका सर्विस रिवॉल्वर भी लेकर फरार हो गए है। इस दौरान एक हवलदार भी घायल हुआ है। घटना के बाद पूरे जिले में अलर्ट जारी कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। मंगला दुबे अपनी तेज-तर्रार कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं और पूर्व में भी कई चर्चित मामलों में उनकी भूमिका रही है। इस घटना ने पुलिस महकमे में सुरक्षा और अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कार्यवाही के दौरान अचानक हमला

जानकारी के अनुसार, सरई चौकी पुलिस टीम बकरी तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर रही थी, तभी आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में उप निरीक्षक मंगला दुबे को निशाना बनाया गया और उन्हें सर में गंभीर चोटें आईं है। साथ ही एक हवलदार भी हमले में घायल हो गया है। पुलिस को संभलने का मौका भी नहीं मिला और हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। यह घटना दर्शाती है कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हो चुके हैं।

### सर्विस रिवॉल्वर लूटकर फरार



हमलावरों का दुस्साहस यहीं नहीं रुका, बल्कि उन्होंने उप निरीक्षक का सर्विस रिवॉल्वर भी छीन लिया और उसे लेकर भाग निकले है। पुलिस के हथियार का इस तरह लूट लिया जाना बेहद गंभीर मामला माना जा रहा है। इससे न केवल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। पुलिस अब इस हथियार की बरामदगी को प्राथमिकता मानते हुए सघन तलाशी अभियान चला रही है।

### जिलेभर में हाई अलर्ट, तलाश तेज

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक ने तुरंत सभी थानों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकेबंदी कर संदिग्धों की जांच की जा रही है। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं और आसपास के जंगल व संभावित ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना के बाद पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है।

### तेज-तर्रार छवि वाले अधिकारी पर हमला

मंगला दुबे अपनी सख्त और तेज-तर्रार कार्यप्रणाली के लिए जाने जाते हैं। पूर्व में राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में एक मामले को लेकर उनका नाम चर्चा में आया था, जिसमें एक वकील के साथ धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल हुआ था और उन्हें निलंबित भी किया गया था। हालांकि, उनकी जांच-पड़ताल की क्षमता और कार्यशैली की सराहना भी होती रही है। ऐसे अधिकारी पर हमला होना पुलिस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है और इससे विभाग में आक्रोश का माहौल है।

## अमरकंटक में शिवमहापुराण कथा का चौथा दिवस सम्पन्न

### बच्चों को संस्कार और संस्कृति से जोड़ने का संदेश

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थनगरी अमरकंटक में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् शिव महापुराण कथा का चौथा दिवस श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। 18 अप्रैल से 26 अप्रैल तक चल रहे इस दिव्य आयोजन में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पं. नीलेश शास्त्री महाराज अपनी मधुर एवं ओजस्वी अमृतवाणी से श्रद्धालुओं को शिवभक्ति के रस में सराबोर कर रहे हैं। चतुर्थ दिवस की कथा में महाराज श्री ने विशेष रूप से नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में बच्चों को धर्म, मर्यादा, माता-पिता का सम्मान तथा गुरुजनों के प्रति आदर का भाव सिखाना अत्यंत आवश्यक है। संस्कारित बालक ही भविष्य में समाज और राष्ट्र के सशक्त आधार बनते हैं। व्यासपीठ से अपने उद्बोधन में उन्होंने नामकरण संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि बच्चों के नाम संतुलित एवं उच्चारण की दृष्टि से उचित होने चाहिए। साथ ही उन्होंने जीवन के 16 संस्कारों एवं नारी के 16 श्रृंगारों का उल्लेख करते हुए भारतीय संस्कृति की गहराई और वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन, हर-हर महादेव के जयघोष और शिवमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उपस्थित भक्तों ने श्रद्धा और मनोयोग से कथा श्रवण कर अपने जीवन में संस्कारों को अपनाने का संकल्प लिया। इस पावन आयोजन के यजमान स्वाती शर्मा एवं आशीष शर्मा (बिलासपुर, छत्तीसगढ़) तथा प्रेमनारायण मिश्रा हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। विशेष उल्लेखनीय है कि बिलासपुर एवं अंबिकापुर से लगभग 200 से अधिक श्रद्धालु इस कथा में शामिल होने अमरकंटक पहुंचे हैं। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आशीष शर्मा द्वारा अपने पुत्र का व्रतबंध संस्कार भी विधिवत संपन्न कराया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। यह शिवमहापुराण कथा न केवल आस्था का केंद्र बनी हुई है, बल्कि समाज में संस्कार, नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का सशक्त माध्यम भी बन रही है।



### राहुल भैया के कार्यक्रम से नाम कटते ही भड़की गुटबाजी

# पसान दौरे से पहले कांग्रेस में बवाल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।







अनूपपुर जिले में 22 अप्रैल को प्रस्तावित अजय सिंह राहुल भैया के दौरे से पहले ही कांग्रेस संगठन में अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई है। पहले जारी कार्यक्रम में पसान स्थित नेताओं संजू मिश्रा और आशीष मिश्रा के निवास पर मुलाकात तय थी, लेकिन संशोधित सूची में यह कार्यक्रम हटा दिया गया। इस बदलाव से कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई है और पार्टी के भीतर गुटबाजी एक बार फिर उजागर हो गई है। जमुना-कोतमा क्षेत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह राहुल भैया के दौरे से पहले ही संगठन में असंतोष की लहर दौड़ गई है। दरअसल, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) द्वारा जारी प्रारंभिक कार्यक्रम में दोपहर 2:30 बजे पसान में संजू मिश्रा और आशीष मिश्रा के निवास पर भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम शामिल था। लेकिन अगले ही दिन जारी संशोधित सूची में इस कार्यक्रम को हटा दिया गया, जिससे स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया है। संजू मिश्रा और आशीष मिश्रा ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने खुद कोई आग्रह नहीं किया था, लेकिन जब आधिकारिक सूची में नाम शामिल किया गया, तो उसे हटाना अनुचित है। इस घटनाक्रम ने न केवल स्थानीय स्तर पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि कांग्रेस संगठन में लंबे समय से चली आ रही गुटबाजी को भी उजागर कर दिया है, जो आगामी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।

### कार्यक्रम से नाम कटते ही बढ़ा विवाद

पसान में प्रस्तावित कार्यक्रम को हटाए जाने से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। पहले जारी सूची में संजू मिश्रा और आशीष मिश्रा के निवास पर मुलाकात तय होने से उनके समर्थकों में उत्साह था, लेकिन अचानक नाम हटने से यह उत्साह गुस्से में बदल गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस तरह के बदलाव बिना स्पष्ट कारण के संगठन को कमजोर करते हैं। इस फैसले ने यह संकेत भी दिया है कि पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है, जिससे असंतोष और गहरा सकता है।

### नेताओं का आरोपः गुटबाजी चरम पर

संजू मिश्रा और आशीष मिश्रा ने खुलकर आरोप लगाया है कि क्षेत्र में गुटबाजी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। उनका कहना है कि इसी अंदरूनी खींचतान का परिणाम है कि नगर पालिका चुनाव में जीतने वाले पांच कांग्रेसी पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ स्थानीय नेता चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे। उनके अनुसार, यदि समय रहते संगठन में सुधार नहीं किया गया, तो इसका असर आने वाले चुनावों में साफ दिखाई देगा।

### संगठन पर उठे सवाल, कार्यकर्ताओं में असंतोष

इस पूरे घटनाक्रम ने कांग्रेस संगठन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कार्यकर्ताओं का मानना है कि बार-बार कार्यक्रमों में बदलाव और स्थानीय नेताओं की अनदेखी से जमीनी स्तर पर भ्रम की स्थिति बनती है। इससे न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है, बल्कि जनता के बीच भी गलत संदेश जाता है। कई कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि यदि पार्टी को मजबूत करना है, तो सभी गुटों को साथ लेकर चलना होगा और निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता लानी होगी।

### दौरे से पहले ही उजागर हुई कमजोरियां

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अजय सिंह राहुल भैया का यह दौरा संगठन को एकजुट करने के उद्देश्य से हो रहा है, लेकिन उससे पहले ही सामने आई यह खींचतान पार्टी की कमजोरियों को उजागर कर रही है। पसान में उभरा यह विवाद दिखाता है कि कांग्रेस अभी भी अंदरूनी एकजुटता की चुनौती से जूझ रही है। यदि समय रहते इन मतभेदों को नहीं सुलझाया गया, तो यह स्थिति आगामी चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है।

## एक और हाथी ने छत्तीसगढ़ से अनूपपुर जिले में किया प्रवेश
## रात में घरों में तोड़फोड़ कर खेतों में खाया अनाज, ग्रामीण परेशान





### जिले में हाथियों की संख्या हुई पांच

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में अब पांच हाथियों के विचरण से जिले के आम जन परेशान है यह पांचवा हाथी छत्तीसगढ़ राज्य के कटघोड़ा से मरवाही होकर मंगलवार की सुबह अनूपपुर जिले में प्रवेश कर अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर दिन में जैतहरी के धनगवां बीट के जंगल में विचरण कर रहा है जबकि एक दंतैल हाथी जिला मुख्यालय अनूपपुर से 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत खांड़ा के खांड़ा जंगल में विगत 14 दिनों से विचरण कर रहा है हाथियों के धीरे-धीरे अनूपपुर जिले को रहवास क्षेत्र बनाए जाने से जिले की जनता परेशान एवं भयभीत है वहीं हाथी के हमले से इस वर्ष मृत दो ग्रामीणों के परिजनों को अब तक सहायता राशि नहीं मिल सकी वहीं ग्रामीणो एवं किसानों के घरों, खेत एवं बाडियों में हाथियों के द्वारा किए गए विभिन्न तरह के नुकसान की राहत राशि अब तक नहीं मिली ना ही दो सप्ताह से दो दलों में बटे हाथियों के समूह द्वारा किए जा रहे नुकसान का राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के बार-बार सूचना दिए जाने के बाद भी सर्वेक्षण एवं राहत का प्रकरण तैयार नहीं किए जाने से ग्रामीण परेशान है।

एक दंतैल हाथी शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात्रि छत्तीसगढ़ राज्य के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत जडगा एवं पसान की सीमा पर विचरण कर रहे हैं 48 हाथियों के समूह से आक्रामक स्थिति में अलग होकर कटघोरा के पसान से जीपीएम के मनेद्रगढ़, मरवाही के मरवाही वन परिक्षेत्र एवं सिवनी वन बीट के जंगल से सोमवार एवं मंगलवार की मध्य रात्रि गूजर नाला से सीमा पारकर पहले कई बार आए हाथियों के रास्ते से चलते हुए मंगलवार की सुबह ग्राम पंचायत चोलना एवं कुकुरगोड़ा के टोला, मोहल्ला के किनारे से होते हुए मरवाही के गुल्लीडांड बीट से जैतहरी के धनगवां बीट के बीच 30 किमी का रास्ता तय कर धनगवां के जनवनिहा जंगल में पहुंचकर अपने अन्य तीन हाथी साथियों के साथ मिलकर आपस में चिघाड कर, मिलकर घूमते हुए दोपहर के समय जंगल के पीछे स्थित सोननदी एवं संतोख नाला में नहा कर, पानी पीकर फिर से जंगल में गुंजा, डूमरउमर, बर एवं पीपल आदि पेड़ों के डगालो को तोड़कर खाने की सूचना वन विभाग एवं ग्रामीणों द्वारा दी गई है।धनगवां बीट के जंगल में अब हाथियों की संख्या चार हो गई तीन हाथियों के समूह द्वारा सोमवार के दिन जंगल में व्यतीत करने बाद देर रात जंगल से निकल कर ग्राम पंचायत पड़रिया के भलुवानटोला निवासी एवं बीट चोलना के सुरक्षा श्रमिक विक्रम सिंह के कच्चे मकान में तोड़फोड़ कर छोई गांव के मोतीलाल राठौर के मकान में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे अनाज को अपना आहार बनाया वही चोई गांव के विभिन्न टोला में रामदास राठौर के खेत में टमाटर, रामप्रसाद राठौर के खेत में उड़द की फसल को खाते हुए वन बीट चोलना के चोई गांव में स्थित मिश्रित वृक्षारोपण क्रमांक एक एवं दो में 40 से अधिक आरसीसी खम्बो, 100 मीटर से अधिक फिसिंग तारो को तोड़ते हुए मंगलवार की सुबह फिर से धनगवां के जंगल में विश्राम करने चले गए वहीं एक दंतैल हाथी जिला मुख्यालय अनूपपुर से 7 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत खांड़ा के खांड़ा बांध के ऊपर जंगल में मंगलवार को 14 वें दिन विश्राम करने बाद सोमवार की देर शाम जंगल से निकल कर खांड़ा बांध में पानी पीने बाद बांध के किनारे बसे मोहन पिता शिवनंदन सिंह के कच्चे मकान को तीसरी बार पहुंच कर तोड़ते हुए तहस-नहस कर घर में रखें विभिन्न तरह की सामग्रियों को बुरी तरह तोड़मरोड़ कर नष्ट करते हुए पड़ोस में बोधन पिता गोरेलाल सिंह के बांडी में लगे कटहल के पेड़ को तोड़कर खाते हुए खांड़ा बांध में बेसरम के झाड़ियो के बीच छिपा रहा जिसे वन विभाग का गश्ती दल ग्रामीणों के साथ देखने जाने पर अचानक तेजी से चिंघाड़ कर सभी की ओर हमला करने के उद्देश्य दौड़ने पर सभी भाग कर अपनी जान बचा सके यह हाथी देर रात से मंगलवार तक खांडा एवं खोलगढी एवं चटुआ के मध्य स्थित जंगल में विचरण करता रहा।

हाथियों के समूह द्वारा 4 माह के मध्य दो ग्रामीणों पर हमला कर मृत किए जाने के कई माह व्यतीत हो जाने पर भी वन विभाग के द्वारा मृतकों के परिजनों को अब तक सहायता राशि प्रदान नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है वही राजस्व विभाग द्वारा हाथियों द्वारा किए अनेकों ग्रामों के ग्रामीण जनों के घरों खेत एवं बाडियों में किए गए नुकसान का अब तक राहत राशि नहीं मिलने, विगत दो सप्ताह के मध्य हाथियों द्वारा किए गए कई ग्रामों में नुकसान का संबंधित पंचायत के हल्का पटवारी को ग्रामीण एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों द्वारा निरंतर सूचना दिए जाने के बाद भी स्थल पर पहुंचकर सर्वेक्षण का काम नहीं किया जिससे पीड़ति ग्रामीण अपने टूटे हुए घरों के मलबे को एकत्रित एवं व्यवस्थित नहीं कर पा रहे हैं जिले के जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन एवं वन विभाग के अधिकारियों से हाथियों से पीड़ति ग्रामीणों के नुकसान का तत्काल सर्वेक्षण कराने, मृतकों के परिजनों को तत्काल राहत राशि दिए जाने की मांग की है।

## सनातन धर्म के महान पुनरुद्धारक थे आदि गुरु शंकराचार्य- पंडित संदीप ज्योतिषी



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

सनातन संस्कृति के अमर आलोक स्तंभ, अद्वैत वेदांत के प्रणेता एवं धर्म-संस्थापक आदि गुरु शंकराचार्य की 1238वीं जयंती श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पावन दिवस भारतीय अध्यात्म, दर्शन और संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक है। आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म दक्षिण भारत के नंबूदरी ब्राह्मण वंश में हुआ था। बाल्यकाल से ही असाधारण प्रतिभा के धनी शंकराचार्य ने मात्र आठ वर्ष की अल्पायु में ही वेदों का गहन ज्ञान प्राप्त कर लिया था। अल्प आयु में ही संन्यास ग्रहण कर उन्होंने संपूर्ण भारत का व्यापक भ्रमण किया और उस समय पतन की ओर अग्रसर हिंदू संस्कृति को नवजीवन प्रदान किया। उन्होंने देश के चारों दिशाओं में चार प्रमुख मठों की स्थापना कर सनातन धर्म को संगठित स्वरूप प्रदान किया, जो आज भी चार धाम के रूप में श्रद्धा का केंद्र हैं। अद्वैत वेदांत के माध्यम से उन्होंने यह सिद्ध किया कि जीव और ब्रह्म में कोई भेद नहीं, अपितु दोनों एक ही परम सत्य के विभिन्न रूप हैं। आदि शंकराचार्य द्वारा रचित "मठाम्नाय" ग्रंथ में चारों मठों की व्यवस्था, शंकराचार्य पद की परंपरा एवं चयन प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन मिलता है। इस ग्रंथ के 72 श्लोकों में मठाधीशों के कर्तव्यों एवं मर्यादाओं का अत्यंत सूक्ष्म विवेचन किया गया है, जो आज भी सनातन परंपरा का आधार स्तंभ है। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मोह में फंसा मनुष्य स्वप्न के समान है, जो अज्ञान की अवस्था तक ही सत्य प्रतीत होता है। आत्मा को उन्होंने साक्षी स्वरूप बताया, जो शरीर, मन और बुद्धि से परे है। उनके अनुसार, सबसे बड़ा तीर्थ मन की शुद्धता है यदि मन निर्मल हो, तो वही परम तीर्थ बन जाता है। आज अमरकंटक में आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के अवसर पर संत समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। संत मंडल के सान्निध्य में आयोजित यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का सृजन करेगी। इस अवसर पर श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश देंगे। यह पावन दिवस हमें न केवल अपने आध्यात्मिक मूल्यों को स्मरण कराता है, बल्कि समाज में समरसता, ज्ञान और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी प्रदान करता है।

## थाना जैतहरी द्वारा कार्यवाही कर जप्त की 14 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** थाना जैतहरी पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से रखी गई अंग्रेजी एवं देशी शराब जप्त की गई। 19 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड नं. 5, जैतहरी में प्रकाश सोनी अपने किराना दुकान के सामने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब विक्रय हेतु रखे हुए है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। मौके पर प्रकाश सोनी के पास एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी पाई गई। बोरी की तलाशी लेने पर उसमें बैगपाइपर, गोवा, ऑफिसर चॉइस आदि विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब एवं देशी प्लेन/मसाला शराब कुल 80 पाव (कुल मात्रा 14 लीटर 160 मिलीलीटर) बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 11,264 है। आरोपी के पास शराब रखने एवं विक्रय करने का कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया, जिससे उसका कृत्य आबकारी अधिनियम की धारा 34(ए) के अंतर्गत दंडनीय पाया गया। पुलिस द्वारा उक्त अवैध शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी प्रकाश सोनी उम्र 33 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 5, जैतहरी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक मणिराज सिंह, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार कोरी, आरक्षक नरेंद्र जाट एवं महिला आरक्षक मंजू भट्ट की सराहनीय भूमिका रही।